# Economy
# EXPLANATION
# (TEST : 02)

**DATE : 20 Sept., 2019/TIME : 9: 00 am**

1. (d) मानव विकास सूचकांक की प्रथम रिपोर्ट 1990 के दशक में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा प्रकाशित की गई थी। यह मानव विकास से जुड़े सभी आयामों को परिभाषित करने और मापने का प्रथम प्रयास था। यह सूचकांक दीर्घायु, ज्ञान और बेहतर जीवन के स्तर मापन पर केन्द्रित है। अत: प्रश्न में दिये गये सभी कथन सत्य हैं।


2. (a) मूल्य वर्धन विधि के अंतर्गत जी.डी.पी. की गणना बाजार मूल्य के आधार पर की जाती है, जो उत्पादन के विभिन्न चरणों में उत्पादित, उत्पादों का कुल मूल्य होता है। इसमें दोहरी गणना से बचने के लिए मध्यवर्ती वस्तुओं के स्थान पर अंतिम वस्तुओं के आधार पर गणना की जाती है। अत: प्रश्न का कथन-1 सत्य है तथा कथन-2 असत्य है।

3. (d) ग्रॉस नेशनल हैप्पीनेस की परिकल्पना भूटान के प्रसिद्ध पूर्व राजा जिग्मे सिंग्ये वांग्चुक ने की थी। ग्रॉस नेशनल हैप्पीनेस में निम्नलिखित मापदंडों का उपयोग किया जाता है- सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण एवं संवर्धन, संधारणीय और समावेशी, सामाजिक, आर्थिक विकास, प्राकृतिक पर्यावरण का संरक्षण, सुशासन। अत: प्रश्न का अभीष्ट उत्तर विकल्प (d) होगा।

4. (d) ग्रॉस फिक्स्ड कैपिटल फॉर्मेशन या सकल स्थायी पूंजी निर्माण सरकारी और निजी क्षेत्र के फिक्स्ड असेट पर किये जाने वाले शुद्ध पूंजी व्यय का एक आकलन है। जिसके अंतर्गत आवास, पशुधन, बौद्धिक संपदा, उत्पाद, बंदरगाह, रक्षा बैपन प्रणाली इत्यादि मापदंडों को शामिल किया जाता है। अत: दिये गये प्रश्न का उत्तर विकल्प (d) है।

5. (a) पर्यावरण कुजनेत्स वक्र पर्यावरण प्रदूषण एवं औद्योगीकरण के बीच का वक्र है।

वक्र के अनुसार औद्योगीकरण के शुरूआती दौर में औद्योगीकरण साथ पर्यावरण प्रदूषण भी कम होता है, परन्तु जैसे-जैसे औद्योगीकरण बढ़ता जाता है। प्रदूषण का स्तर भी बढ़ता है। वक्र के बिन्दु 'ब' की बात करें तो यहां औद्योगीकरण और प्रदूषण दोनों का स्तर क्रान्तिक होता है परन्तु बिन्दु 'ब' के पश्चात् औद्योगीकरण बढ़ने के साथ ही पर्यावरण प्रदूषण के स्तर में गिरावट आती है। अत: कथन-1 सत्य है तथा कथन-2 असत्य है।




6. (c) 2010 में UNDP द्वारा इसका (IHDI) निर्माण किया गया था। इसके अंतर्गत HDI में प्रयुक्त किये जाने वाले विभिन्न मानकों को लेकर पायी जाने वाली विषमताओं को निजी गुणांक आदि से नकारात्मक रूप से समायोजित किया जाता है। इसका निर्धारण स्वास्थ्य, शिक्षा, आदि की औसत उपलब्धियों के आधार पर किया जाता है। अत: प्रश्न के दोनों कथन सत्य हैं।

7. (c) कार्बन कर का निर्धारण उन जीवाश्म ईंधनों पर किया जाता है, जिनके दहन के पश्चात् कार्बन का उत्सर्जन होता है। प्रश्न में दिये गये कोयला तथा पेट्रोलियम एवं डीजल के दहन से कार्बन का उत्सर्जन होता है अतः प्रश्न का अभीष्ट उत्तर विकल्प C है।

8. (c) लैंगिक विकास सूचकांक (GDI) मानवविकास के तीन बुनियादी आयामों में पुरुषों और महिलाओं की उपलब्धियों के मध्य व्याप्त अंतर को मापता है। GDI का निर्धारण मानव विकास की तीन बुनियादी आयामों-स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन प्रत्याशा के आधार पर किया जाता है। अतः दोनों कथन सत्य है।

9. (d) राष्ट्रीय आय, किसी देश की अर्थव्यवस्था के लिए सर्वाधिक महत्त्व का विषय है क्योंकि यह अर्थव्यवस्था का संपूर्ण परिचय देती है। देश की आय उसके उत्पादन क्षमता, उपभोग क्षमता, निवेश व पूंजी निर्माण क्षमता का द्योतक होता है। राष्ट्रीय आय को प्रभावित करने वाले कारक निम्नलिखित हैं- उत्पादन, भूमि, पूंजी, श्रम और उद्यमिता, प्रौद्योगिकी, सरकार और राजनीतिक स्थिरता। अतः प्रश्न का उत्तर विकल्प (d) है।

10. (d) एक उत्पादक को वस्तुओं एवं सेवाओं के उत्पादन के लिए कुछ वस्तुओं या सेवाओं की आवश्यकता होती है, जिसके अंतर्गत भूमि, श्रम मजदूरी, पूंजी, संगठन आदि सम्मिलित होते हैं अतः प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (d) है।

GS World
Committed To Excellence

***ANSWER KEY***
***ECONOMY, 20 Sept., 2019 (Test-2)***

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (d) | 2. | (a) | 3. | (d) | 4. | (d) | 5. | (a) | 6. | (c) | 7. | (c) | 8. | (c) | 9. | (d) | 10. | (d) |